# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

16 मई 2024, गुरुवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा बिहार के सीतामढ़ी और मधुबनी में आयोजित विशाला जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**बिहार की जनता INDI Alliance के जंगलराज को नकार कर मोदी जी के विकासराज को चुनने जा रही है**

******************

**सीता माता की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर बनाने का काम मोदी जी करेंगे**

******************

**इटली से आए लोग मैथिली भाषा का सम्मान नहीं कर सकते**

******************

**बेटे को मुख्यमंत्री बनाने के लिए पिछड़ा और अतिपिछड़ा विरोधी कांग्रेस के गोद में जा बैठे हैं लालू**

******************

**जब तक भाजपा का एक भी सासंद है, तब तक कोई आरक्षण को हाथ नहीं लगा सकता, ये मोदी गारंटी है**

******************

**अयोध्या में मोदी जी ने भक्ति और समर्पण का नारा 'जय सियाराम' दिया**

******************

**बिहार और केंद्र लेकर 25 साल सत्ता में रहने वाले लालू जी को कर्पूरी ठाकुर जी की याद नहीं आई, मोदी जी ने उन्हें भारत रत्न देकर सम्मान दिया**

******************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्रीऔर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज गुरुवार को बिहार के सीतामढ़ी और मधुबनी में जनसभा को संबोधित करते हुए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बिहार और देश में हुए विकास कार्यों को उजागर किया एवं कांग्रेस व आरएलडी के कुशासन और वर्षों तक देश में व्याप्त भ्रष्टाचार की जमकर आलोचना की। कार्यक्रम के दौरान मंच पर सीतामढ़ी से लोकसभा प्रत्याशी श्री देवेश चंद्र ठाकुर, मधुबनी से लोकसभा प्रत्याशी श्री अशोक यादव सहित अन्य नेतागण मंच पर उपस्थित रहे।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि 500 साल से रामलला टेंट में बैठे थे। कांग्रेस और आरजेडी ने कई सालों तक राम मंदिर के प्रश्न को अटकाते, लटकाते और भटकाते रहे। आपने मोदी जी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया, उन्होंने 5 साल में ही केस भी जीता, भूमिपूजन भी किया और 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी। अयोध्या में मोदी जी ने भक्ति और समर्पण के लिए जय सियाराम का नारा दिया। श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव का न्यौता लालू जी, खड़गे जी और राहुल बाबा सबको भेजा गया लेकिन अपनेवोट बैंक के डर से कोई भी नेता इसमें नहीं शामिल नहीं हुआ। **मोदी जी ने अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनाने का काम पूरा किया और अब मां सीता की जन्मभूमि पर महान स्मारक बनाने का काम बाकी है।** जिन लोगों ने अपने-आप को रामलला के मंदिर से दूर रखा,

वो ये स्मारक नहीं बना सकते। सीता माता के जीवन के अनुरूप स्मारक केवल नरेन्द्र मोदी जी और भाजपा ही बना सकते हैं। **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न देने का काम किया है। मैं आज लालू जी से पूछना चाहता हूं कि आप बिहार और केंद्र में मिलाकर 25 साल सत्ता में रहे, लेकिन आपको कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न देना याद नहीं आया क्योंकि आप काम तो केवल अपने बेटा-बेटी का हित देखना ही है।** आज लालू यादव सत्ता की अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाने के लिए हमेशा पिछड़े और अति पिछड़ों का विरोध करने वाली कांग्रेस पार्टी की गोद में बैठ गए हैं। **पिछड़ा, अति पिछड़ा और महिलाओं के आरक्षण के लिए कांग्रेस ने कभी काम नहीं किया। पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग को आरक्षण मिलने का सबसे पहला रिपोर्ट कांग्रेस के शासनकाल में काका साहब कालेलकर कमीशन 1955 में आया। उसके बाद आरक्षण के लिए मंडल कमीशन की रिपोर्ट को राहुल बाबा की दादी ने बस्ते में डाल  दिया।** आरक्षण मिलने पर भी उसे संवैधानिक मान्यता नहीं मिल रही थी लेकिन जब देश के सबसे पहले अति पिछड़ा प्रधानमंत्री के रूप में श्री नरेंन्द्र मोदी जी आए और उन्होंने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक मान्यता देने का काम किया। जब मोदी जी आए तो केंद्र की परीक्षाओं में ओबीसी का आरक्षण नहीं था, मोदी जी आए तो उन्होंने सारी परिक्षाओं में 27 प्रतिशत आरक्षण ओबीसी को देने काम किया।

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियों ने सालों तक देश पर राज किया, मगर कभी गरीबों का भला नहीं कर सकी। लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने विगत 10 वर्षों में 60 करोड़ गरीबों को आगे बढ़ाने का काम किया है। आज बिहार के 86 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि के माध्यम से 6 हजार रुपए भेजे जा रहे हैं। 1 करोड़ 60 लाख घरों में नल से जल मुहैया कराया जा रहा है। 81 लाख लोगों को आयुष्मान भारत के तहत 5 लाख रुपए का निःशुल्क इलाज मिल रहा है। बिहार में 1 करोड़ 33 लाख शौचालय का निर्माण किया गया, 9 करोड़ लोगों निःशुल्क अनाज मुहैया कराया गया और 40 लाख लोगों को पक्के घर प्रदान किए गए हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूरे देश में टीकाकरण कराकर लोगों को कोरोना से बचाने का काम किया। महामारी के समय राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने टीके को लेकर जनता को गुमराह करने का काम किया था। इंडी गठबंधन के नेताओं ने कोरोना जैसी महामारी में भी राजनीति करने का काम किया। देश और बिहार की चिंता केवल माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और श्री नीतीश कुमार ही कर सकते हैं। **यूपीए सरकार ने 2004-14 तक बिहार को 2 लाख 80 हजार करोड़ रुपए दिए थे, मगर मोदी सरकार ने 2014-24 तक बिहार को 11 लाख 23 हजार करोड़ रुपए प्रदान किए।** लालू प्रसाद यादव ने पुनौरा धाम के लिए कोई कार्य नहीं किया, लेकिन भारतीय जनता पार्टी पुनौरा धाम धाम के पुनरुत्थान करेगी और सीतामढ़ी को रामायण सर्किट से जोड़ने का काम भी किया जाएगा। मोदी सरकार द्वारा बनाई गई कॉपरेटिव रीघा की चीनी मिल को पुनः शुरू करने का कार्य करेगी। **लालू एण्ड पार्टी केवल 'तेल पिलावन, लठिया घुमावन' रैली कर बिहार का भला नहीं कर सकती है। बिहार को विकसित कर आगे बढ़ाने का कार्य केवल माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी कर सकते हैं। मोदी सरकार ने बिहार के युवाओं के हाथ में लाठी की जगह "मेड इन इंडिया" मोबाईल और सस्ता इंटरनेट डाटा दिया है, मगर इंडी गठबंधन के नेता बिहार को लालटेन युग में वापस ले जाना चाहते हैं।**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के साथ लालू एण्ड कंपनी ने वर्षों तक धारा 370 को एक अनौरस बच्चे की तरह संभाल कर रखा था। मगर माननीय प्रधनमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को समाप्त कर, जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने का ऐतिहासिक काम किया है। लालू यादव और राहुल गांधी ने कहा था कश्मीर में खून की नदियां बह जाएंगी, मगर आज कश्मीर में किसी की कंकड़ चलाने की भी हिम्मत नहीं है। **राहुल गांधी और फारुख अब्दुल्लाह कहते हैं  भारत को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की मांग नहीं करनी चाहिए, क्योंकि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है, मगर 130 करोड़ लोगों का महान भारत किसी से नहीं डरता है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत का था, है और उसे वापस लिए जाएगा।** यूपीए सरकार में 12 लाख करोड़ रुपए के घोटाले और घपले किए गए, मगर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी पर 25 पैसे का आरोप भी नहीं है। कांग्रेस के संसद के घर से 350 करोड़ रुपए बरामद हुए, टीएमसी सरकार के मंत्री के घर से 51 करोड़ रुपए पकड़े गए और जेएमएम सरकार के मंत्री के घर से भी 31 करोड़ रुपए जब्त किए गए हैं। मोदी सरकार

सभी भ्रष्टाचारियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजने का कार्य करेगी और देश की गरीब जनता को यह पैसे लौटाए जाएंगे।

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लीकार्जुन खड़गे कहते हैं कि कश्मीर का भारत के अन्य राज्यों से क्या लेना-देना? मगर बिहार सहित समूचे देश का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए जान देने को तैयार है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के एक देश, एक विधान, एक प्रधान और एक निशान के नारे को पूर्ण करने का काम किया है। इंडी गठबंधन के अपनी सरकार बनने पर, हर साल नया प्रधानमंत्री बनाने की योजना बनाई है। **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने नारिशक्ति अधिनियम को पारित कर, संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण देने का कार्य किया है।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने मिथिलांचल को जोड़ने का कार्य किया है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में गौ तस्करी करने वालों को उल्टा लटका कर सीधा करने का काम किया जाएगा। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आतंकी संगठन पीएफआई के सदस्यों को जेल में डालने का काम किया। **इंडी गठबंधन के नेता झूठ फैला रहे हैं कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा। मगर जब तक भाजपा है, तब तक आरक्षण को कोई हाथ भी नहीं लगा सकता है। कांग्रेस ने एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण पर डाका डालने का काम किया है। देश के संविधान के तहत धर्म के नाम पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता है, लेकिन कांग्रेस ने कर्नाटक और तेलंगाना में चुनाव जीतते ही अपने वोटबैंक को 5% आरक्षण देने का काम किया।**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **बिहार और झारखंड में कांग्रेस राज में नक्सलवाद हुआ करता था, लेकिन मोदी जी ने आते ही विगत 5 सालों में ही बिहार, झारखंड, तेलंगाना, झारखंड, आंध्र प्रदेश, उड़ीस, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र से नक्सलवाद को समाप्त कर दिया और छत्तीसगढ़ में जो नक्सववाद बचा है उसे भी 2 साल में हम समाप्त कर देंगे और ये मोदी की गारंटी है।** यहां बिहार-नेपाल के बार्डर में नेपाल से घुसपैठ हो रहा है, लेकिन हमारी अगली सरकार में आदरणीय प्रधानमंत्री जी ये मुख्य एजेंडा है। सीतामढ़ी के लिए मोदी जी ने ढेर सारे काम किए हैं जिसमें 700 करोड़ से सीतामढ़ी, जयनगर, नरैया 2 लेन सड़क का निर्माण किया, सीतामढ़ी-पुपरी बेनीपट्टी में 55 किमी की सड़क बनाई, सीतामढ़ी पर मोडिकल कॉलेज बन रहा है, सीमावर्ती इलाकों में सड़क का निर्माण जारी है, मुजफ्फरनगर-सीतामढ़ी और सीतामढ़ी-मुजफ्फरनगर रेलवे लाइन का विद्युतीकरण हुआ, पुनौरा धाम को फिर से विकसित किया जा रहा है मेहसौल से बाजार समिति रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण किया, 1 लाख 73 हजार लोगों को घर दिया, 2 लाख 50 हजार लोगों को आयुष्मान भारत का कार्ड दिया और 3 लाख लोगों को गैस का कनेक्शन, 6 लाख लोगों को मुफ्त अनाज, 5 लाख लोगों को नल से जल और 2 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि देने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया। श्री शाह ने जनता से बिहार और भारत को आगे ले जाने के लिए तीर के निशान का बटन दबाकर प्रत्याशी श्री देवेश चंद्र ठाकुर को जीताकर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

**********************